# कार्यालय : प्राचार्य, एस.एस.जे. राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
# स्याल्दे, अल्मोड़ा (उत्तराखण्ड)

**E-mail –principalsyalde@gmail.com**

जनपद – अल्मोड़ा, शैक्षणिक सत्र 2023–.2024

1– रा0से0प्रकोष्ठ का नाम :– एस.एस.जे. रा.स्ना.महाविद्यालय स्याल्दे (अल्मोड़ा)
2– शिक्षण संस्था का नाम एवं पता :–एस.एस.जे. रा.स्ना.महाविद्यालय स्याल्दे (अल्मोड़ा)
3– शिक्षण संस्था की ई–मेल आई0डी0 :– **principalsyalde@gmail.com**
4– संस्थाध्यक्ष का नाम :– डा0आभा अग्रवाल
5– कार्यक्रम अधिकारी का नाम :– डा0 ममता गौड
6–कार्यक्रम अधिकारी की ई–मेल आई0डी0 :– **gmamta754@gmail.com**
7– कार्यक्रम अधिकारी के रूप में नियुक्ति तिथिः–01.10.2022
8– उन्नयन प्रशिक्षण प्राप्त करने का विवरण :– Nil
9– आवंटित स्वयंसेवी संख्या :– (क) नियमित कार्यक्रम :–100
(ख) विशेष शिविर कार्यक्रम –21

इकाई द्वारा नियमित कार्यक्रम के तहत सम्पादित गतिविधियॉ एवं अर्जित उपलब्धियॉ–

(क) वृक्षारोपण :–
(i) वृक्षारोपण की तिथियॉ :– 20जुलाई,2023
(ii) वृक्षारोपण करने का का स्थान :– महाविद्यालय परिसर
(iii) वृक्षारोपण हेतु खोदे गये गड़ढों की संख्या :– 20
(iv) रोपित पौधों की संख्या एवं प्रजाति :– पुष्पों की विभिन्न प्रजातियाँ
(v)सत्र के अन्त में जीवित पौधों की संख्या :– 18





(ख) जनजागरूकता रैली : –

नशा मुक्ति – 12–07–2023 :– जसपुर, कोलीखेत, चम्पानगर क्षेत्र







एडस के प्रति जागरूकता–01–12–2023– **चम्पानगर भाकुडा क्षेत्र**




मतदाता जागरूकता– 31–10–2023 , 14–02–2024– **भाकुडा क्षेत्र**

https://youtu.be/SuSHz3MJXQA?si=lqE4oFu-FcpCOo-W

voters awareness campaign #NSS special camp (youtube.com)

**<u>(ग) स्वैच्छिक रक्तदान कार्यक्रम :– 01</u>**

(i)रक्तदान शिविर आयोजन की तिथियॉ :– 23–07–2023

(ii) रक्तदान शिविर स्थल का नाम :– महाविद्यालय परिसर






रक्त एकत्रित करने वाले ब्लड बैंक का नाम :– जी आर चैरेटेबल ट्रस्ट

**<u>र्स्पश गंगा अभियान/नमामि गंगे कार्यक्रम</u>**

(i) कार्यक्रम आयोजन की तिथि :– 17.10.2023 , 13.02.2024

(ii)कार्यक्रम आयोजन स्थल का नाम एवं नदी/जलस्त्रोत का नाम :– **रिखौन जल स्त्रोत , ग्वाली नौला**



माहवार कार्यक्रम

अप्रैल 2023

## कृमि मुक्ति दिवस

17 अप्रैल 2023    महाविद्यालय परिसर में 19 वर्ष तक की आयु के विद्यार्थियों को एल्बेडाजाल टेबलेट का वितरण किया गया।







मई 2023

## विश्व पर्यावरण दिवस मिशन लाइफ के अन्तर्गत कार्यक्रम

दिनांक 10 मई 2023 – को स्वयंसेवियों के द्वारा स्याल्दे बाजार एवं ग्राम क्षेत्र में स्वच्छता अभियान चलाया गया जिसके अर्न्तगत बाजार से प्लास्टिक कूडे का एकत्रीकरण एवं निस्तारण किया गया । इस कार्यक्रम में डा अमित कुमार सहायक प्रध्यापक राजनीति विज्ञान का सहयोग रहा। कार्यक्रम में 22 स्वयसेवियों ने प्रतिभाग किया गया ।

*दिनांक 13 मई 2023– महाविद्यालय परिसर में जैविक* कृषि पर व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया, इसके अर्न्तगत स्वयंसेवियों एवं अन्य विद्यार्थियों को जैविक कृषि के लाभो से अवगत कराया गया। इस कार्यक्रम में डा मोनू बाला सहायक प्रध्यापक जन्तु विज्ञान मुख्य वक्ता रही। कार्यक्रम में 26 स्वंयसेवियों ने प्रतिभाग किया।

*दिनांक 17मई 2023 –डा मोनू बाला एवं डा तारा भट्ट के निर्देशन में स्वयंसेवियों को सियारोल स्थित सोलर प्लांट के भ्रमण के दौरान ऊर्जा के नवीनीकरणीय स्रोतो के प्रयोग की आवश्यकता एवं महत्व*

*से अवगत कराया गया साथ ही जलीय पारिस्थिकीय तंत्र को भी समझाया गया। 16 स्वयंसेवी इससे लाभान्वित हुए।*





*दिनांक 29 मई 2023 –को महाविद्यालय में नारा  स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया किया जिसका विषय  –ग्रीन एण्ड क्लीन इनवायरमेंट रहा इसमें प्रथम एवं द्वितीय क्रमश शीतल एवं शुभम ने प्राप्त किए। प्रतियोगिता 21 स्वंयसेवियों ने प्रतिभाग किया।*

*दिनांक 5 जून 2023 – महाविद्यालय परिसर में पर्यावरण संरक्षण हेतु शपथ कार्यक्रम के अन्तर्गत स्वयसेवियों द्वारा पर्यावरण संरक्षण हेतु प्रयासरत रहने की प्रतिबद्वता जतायी गई । इस कार्यक्रम में 31 स्वयसेवियों ने प्रतिभाग किया।*











अगस्त 2023

## स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम

मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के अन्तर्गत 77वें स्वतंत्रता दिवस पर विभिन्न कार्यक्रमो का आयोजन किया गया । कार्यक्रम 9 अगस्त 2023 को अगस्त क्राति की वर्षगांठ के आरम्भ हुआ।

9 अगस्त 2023 को विशेष कार्यक्रम का विडियो मंचन के , पंच प्रण, एवं महाविद्यालय में अमृत वाटिका का निर्माण कर वृक्षारोपण भी किया गया।







15 अगस्त 2023 को प्रभारी प्राचार्य डॉ निर्मला लोहनी के द्वारा ध्वजारोहण किया गया ,उससे पूर्व स्वयंसेवियों के द्वारा प्रभात फेरी निकाली गई। राष्ट्रगान एवं प्रभारी प्राचार्य के सम्बोधन के पश्चात उपस्थित जन प्रतिनिधि दिनेश चन्द्र काण्डपाल जी ने भी छात्र छात्राओ को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी एवं राष्ट्र के प्रति उनके कर्त्तव्य पर प्रकाश डाला इसके पश्चात स्वंयसंवियों के द्वारा कुछ रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।










## राष्ट्रीय कृमि मुक्ति

22 अगस्त 2023 महाविद्यालय परिसर में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर 19 वर्ष तक की आयु के विद्यार्थियों को एल्बेडाजाल टेबलेट का वितरण किया गया।






# राष्ट्रीय खेल दिवस

29 अगस्त 2023 को राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर विभिन्न फन इवेटस का आयोजन किया गया एव फिट इंडिया प्लेज भी ली गई। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी ममता गौड द्वारा किया गया । फन इवटस में फ्रॉग रेस, थ्री लेग रेस, स्पून लेमन रेस, बुक बेलन्स रेस आदि प्रतियोगिताएँ सम्पन्न करायी गई, जिनमें कुल 33 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया ।

| क स | प्रतियोगिता | विजेता |
|---|---|---|
| 1 | फ्रॉग रेस बालिका वर्ग<br>बालक वर्ग | गुंजन<br>ललित |
| 2 | थ्री लेग रेस बालिका वर्ग<br>बालक वर्ग | लता यशोदा<br>शुभम ललित |
| 3 | स्पून लेमन रेस बालिका वर्ग<br>बालक वर्ग | यशोदा<br>ललित |
| 4 | बुक बेलन्स रेस बालिका वर्ग<br>बालक वर्ग | गुंजन<br>ललित |


हिन्दुस्तान

शहर 360°

स्याल्दे कॉलेज में हुआ फन इवेंट

सेल्फी प्वाइंट तक पहुंच रहे ग्रामीण मतदाता

श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर निकालेगी भव्य शोभायात्रा

अपग्रेड होकर दूसरे कॉलेज गए छह छात्र



सितम्बर 2023

स्वच्छता पखवाडा —15—09—2023

ब्लड डोनर के पंजीकरण हेतु वर्कशाप—18—09—2023

राष्ट्रीय सेवा योजना  स्थापना दिवस के अवसर पर एक दिवसीय कैम्प




अक्टुबर 2023

स्वच्छता के लिए श्रमदान—01—10—2023



अल्मोड़ा। एसएसजे परिसर में स्वच्छता ही सेवा अ
बालिका वाहिनी के एनसीसी कैडेट्स और एनएसए
परिसर में साफ सफाई की। यहां लेफ्टिनेंट डॉ. मम
अंडर ऑफिसर प्रीति पांडे, निशा बिष्ट, माला गुप्ता, क
दीपिका पिल्खवाल, निशा बिष्ट, याशिका जोशी, डॉ.डी
पाठक, डॉ.प्रेमा खाती, प्रभारी कुल सचिव डॉ.भास्क

**स्याल्दे**

राजकीय महाविद्यालय स्याल्दे में सेवा पखवाड़े के तहत स्वच्छता अभियान चलाया गया। रविवार को आयोजित कार्यक्रम में परिसर व आसपास के क्षेत्र से सिंगल यूज प्लास्टिक और कूड़े को एकत्रित कर उसका निस्तारण किया गया। यहां एनएसएस की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. ममता गौड़ ने जीवन में स्वच्छता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए महाविद्यालय में समय-समय पर अभियान चलाने का आह्वान किया।

मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम —13—10—2023



स्वच्छता अभियान 3.0—17—10—2023




राष्ट्रीय एकता दिवस —31—10—2023




नवम्बर 2023

राज्य स्थापना दिवस




विश्व एडस दिवस —01—12—2023



जनवरी 2024

गणतंत्र दिवस —26—01—2024

राष्ट्रीय मतदाता दिवस —25—01—2024







**____________ राष्ट्रीय सेवा योजना  विशेष शिविर आख्या 2023— 2024**

**दिनाँक 10 फरवरी 2024 से 16 फरवरी 2024**

2023— 2024 का विशेष शिविर का आयोजन दिनाक 10 फरवरी 2024 से 16 फरवरी 2024 तक राजकीय प्राथमिक विद्यालय भाकुडा ग्राम सभा मल्ला भाकुडा  में किया गया। शिविर का शुभारम्भ दिनांक 10 फरवरी को मुख्य अतिथि श्याम सिंह बंगारी  प्रतिनिधि क्षेत्र पंचायत सदस्य भाकुडा  एंव ग्राम प्रधान ग्वाली दान सिंह बिष्ट  के द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित करने के साथ ही किया गया। उद्घाटन समारोह में अन्य अतिथिगणो में ललित सिंह बंगारी जी, सामाजिक कार्यकर्त्ता भोपाल सिंह बसनाल, जितेन्द्र काण्डपाल आदि  उपस्थित रहे। उदघाटन के पश्चात शिविरार्थियों की शिविर में ठहरने की व्यवस्था की गई। इस शिविर में 21 स्वयंसेवियों ने प्रतिभाग किया जिन्हे 5 टीमो में विभाजित किया गया इन टीमो को वैदिक काल की महिलाओं के नामो से सम्बोधित किया गया जो इस प्रकार हैं —  गार्गी, मैत्री , लोपामुद्रा , घोषा,एवं अरूधति।

प्रत्येक टीम में 4 सदस्य रहे एवं 1 को नेतत्व की जिम्मेदारी दी गई ।

हमारे  शिविर के लिए निर्धारित लक्ष्य रहे    सामुदायिक सहभागिता

महिला एवं बाल विकास

नशा मुक्ति

पर्यावरण संरक्षण

मतदाता जागरूकता

इन लक्ष्यो की प्राप्ति हेतु सतत प्रयास किए गए।

शिविर की दिनचर्या निश्चित थी प्रतिदिन सभी शिविरार्थी अपनी दैनिक क्रियाओ से निवत हो प्रात 8 बजे प्रार्थना सभा में उपस्थित हो जाते प्रार्थना , योगाभ्यास एवं नाश्ता के पश्चात प्रात 9 30 से शिविरार्थी द्वारा पूर्व निश्चित स्थान में श्रमदान किया जाता। श्रमदान एवं दोपहर के भोजन के पश्चात 2 बजे से प्रतिदिन बौद्धिक सत्र का आयोजन किया जाता जिसमें विविध क्षेत्रो के विद्वत जनो द्वारा अपने ज्ञान एवं अनुभव से शिविरार्थियों को लाभान्वित किया । सांय काल को शिविरार्थी संध्याकालीन सत्र में आयोजित होने वाली सांस्कृतिक प्रतियोगिताओ की तैयारी करते । इसके अतिरिक्त शिविरार्थी अपने दिनभर के अनुभव भी साझा करते ।






## राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय स्याल्दे में एनएसएस का विशेष शिविर

वीएनसी मीडिया 10 फरवरी 2024
उत्तराखंड ब्यूरो : एस आर चन्द्रा

भिकियासैण/स्यालदे। विकास खंड स्याल्दे के राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय स्याल्दे में सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना का विशेष शिविर का शुभारम्भ हो गया है। आयोजित शिविर का शुभारंभ राजकीय प्राथमिक विद्यालय भाकुड़ा मुख्य अतिथि के बतौर श्याम सिंह बंगारी द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम अधिकारी डाक्टर ममता गौड़ द्वारा सात दिवसीय शिविर की रूपरेखा प्रस्तुत की व क्षेत्र के अतिथियों व स्वयंसेवियो के उत्साहवर्धन हेतु धन्यवाद किया। साथ ही उन्होने कहा कि उक्त विशेष शिविर के मुख्य लक्ष्याे मे मतदाता जागरूकता, पर्यावरण संरक्षण,नशा मुक्तित्रआदि शामिल किए गए हैं। कार्यक्रम मे दान सिंह बिष्ट - ग्राम प्रधान ग्वाली, ललित मोहन बंगारी -ग्राम प्रधान तल्ला भाकुड़ा, जितेंद्र कांडपाल, नम्रता थपलियाल आदि लोग उपस्थित रहे।

दिनांक 11 फरवरी 2024 रविवार दूसरा दिन शिविर के दूसरे दिन शिविर में भोजन आदि की व्यवस्था का वहन टीम 1, गार्गी, द्वारा किया गया । अन्य शिविरार्थियों ने देवी मन्दिर तल्ला भाकुडा क्षेत्र में श्रमदान किया । बौद्विक सत्र में सुरेन्द्र सिंह रावत द्वारा पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला और संध्या कालीन सत्र में एकल एवं समूह नत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया ।


राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय स्याल्दे में एनएसएस शिविर दूसरे दिन भी हुआ आयोजित। -...
भिकियासैंण/स्याल्दे। विकासखंड स्याल्दे के राजकीय स्नात...
dainikshubharambhnews.com

**राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय स्याल्दे में एनएसएस शिविर दूसरे दिन भी हुआ आयोजित।**
https://dainikshubharambhnews.com/2024/02/nss-camp-was-organized-at-government-post-graduate-college-sylde-for-the-second-day-also/

**डेली न्यूज अपडेट के लिए व्हाट्सएप ग्रुप से जुड़ें**
https://chat.whatsapp.com/HmzYZhL2tBM2WUKdgVDfcG


## सात दिवसीय एनएसएस शिविर का शुभारंभ

**भिकियासैंण/स्याल्दे।** विकास खंड के राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना का विशेष शिविर शुरू हो गया है।

आयोजित शिविर का शुभारंभ राजकीय प्राथमिक विद्यालय भाकुड़ा, मुख्य अतिथि श्याम सिंह बंगारी ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम अधिकारी डा. ममता गौड़ ने सात दिवसीय शिविर की रुपरेखा प्रस्तुत की। क्षेत्र के अतिथियों व स्वयं सेवियों के उत्साहवर्धन हेतु धन्यवाद किया। इस दौरान दान सिंह बिष्ट, ग्राम प्रधान ग्वाली ललित मोहन बंगारी, जितेंद्र कांडपाल, नम्रता थपलियाल आदि रहे।

दिनांक 12 फरवरी 2024 सोमवार तीसरा दिन शिविर के तीसरे दिन शिविरार्थियों ने अभिगृहित ग्राम ग्वाली क्षेत्र में ही श्रमदान किया गया। बौद्विक सत्र में दिनेश काण्डपाल (सेवानिवृत प्रवक्ता)आनन्द बल्लभ पंचौली (सेवानिवृत सैन्य अधिकारी ),हनुमंत कुकरेती (प्रधानाचार्य राजकीय इण्टर कॉलेज सीमू,पौडी गढवाल) जी उपस्थित रहे और सामुदायिक सहभागिता के महत्व पर प्रकाश डाला गया । आज टीम मैत्री की बारी थी संध्याकालीन सत्र में एकल एवं समूह गान प्रतियोगिताओ का आयोजन किया गया ।

दिनांक 13 फरवरी 2024 मंगलवार चौथा दिन शिविर के चौथे दिन शिविरार्थियों ने भाकुडा बाजार एवं नौले की सफाई की एवं आस पास के क्षेत्र में श्रमदान किया गया इसके पश्चात शिविरार्थियों द्वारा रैली निकाली गई जिसका विषय रहा मतदाता जागरूकता । यह रैली अभिगृहित ग्राम ग्वाली एवं भाकुडा क्षेत्र में निकाली गई बौद्विक सत्र में स्वयसेवियो द्वारा चम्पानगर स्थित लेमन जूस फैक्टरी का भ्रमण किया गया वहॉं आनन्द बल्लभ पंचौली द्वारा अपने स्र्टाट अप के मार्ग में आई कठिनाईयों को स्वयसेवियों के समक्षरखा। डॉ निर्मला लोहनी द्वारा देवभूमि उद्यमिता कार्यक्रम के अन्तर्गत स्वयसंवियो को इस हेतु प्रेरित किया।

डॉ निर्मला लोहनी द्वारा देवभूमि उद्यमिता कार्यक्रम के अन्तर्गत स्वयसंवियो को इस हेतु प्रेरित किया।





 दिनांक 14 फरवरी 2024 बुधवार पाचवा दिन  शिविर के पाचवे दिन शिविरार्थियों श्रमदान के साथ ही जनसम्पर्क स्थापित कर मतदाता जागरूकता  एवं लैगिक समानता विषयों पर जनजागरूकता फैलाने का प्रयास किया गया एक सर्वेक्षण भी किया गया ।  बौद्विक सत्र में होडिल सिंह  प्रधानाचार्य हर लाल वर्मा इण्टर कॉलेज भाकुडा  ,शाति जुयाल सहायक अध्यापक राजकीय प्राथमिक विद्यालय बसई उपस्थित रहे ।

दिनांक 15 फरवरी 2024 गुरूवार  शिविर के छटे दिन राजकीय प्राथमिक विद्यालय भाकुडा  के आस पास के क्षेत्रो में श्रमदान किया गया। बौ़द्विक सत्र में उत्तम सिंह जीना , प्रेम गिरी गोस्वामी जी , एवं भोपाल सिंह बसनाल  ने मुख्य वक्ताओ के रूप में स्वयंसेवियों के निर्देशन का कार्य किया । इसके साथ ही परिसर में माल्टा एवं एलोवेरा का पौधा भी लगाया गया । डा संध्याकालीन सत्र में कैम्प फायर का आयोजन किया गया







दिनांक 16 फरवरी 2023 रविवार विशेष शिविर के सातवे दिन समापन समारोह का आयोजन दोपहर 12 बजे किया गया मुख्य अतिथि भोपाल सिंह बसनाल (सामाजिक कार्यकर्त्ता ),विशिष्ट अतिथि दिनेश चन्द्र काण्डपाल एवं उत्तम सिंह जीना  जी ,महाविद्यालय प्राचार्य ,महाविद्यालय परिवार से सम्मिलित अन्य सदस्यों में डा नीमा राणा ,डा निर्मला लोहनी सम्मिलित हुए कार्यक्रम की आरम्भिक औपचारिकताओ के पश्चात कार्यक्रम अधिकारी के द्वारा विशेष शिविर की आख्या प्रस्तुत की साथ ही सर्वेश्रेष्ठ शिविरार्थी एवं कैम्प कमाण्डर द्वारा विशेष शिविर के अपने अनुभव सभी के समक्ष रखे गए । मुख्य अतिथि द्वारा सभी स्वयसेवियों को पुरष्कार  वितरित किए गए और उत्साहवर्धन किया गया । प्रचार्य महोदय द्वारा  शिविरार्थियों के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएँ दी गई । इस प्रकार इस शिविर के समापन की घोषणा की गई।

कक्षा 12 के छात्रों को विद्यालय परिवार ने विदाई दी। सभी अध्यापकों के ने बोर्ड परीक्षार्थियों को सर्वोत्तम अंक प्राप्त करने के लिए अपने अपने स्तर से सुझाव दिए। इस अवसर पर बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए। कार्यक्रम का संचालन कक्षा 11 की खुशी व ईशा ने किया। कार्यक्रम में वर्ष भर अच्छा अनुशासन प्रदर्शन करने वाले छात्रों को भी सम्मानित किया गया। इस दौरान पूर्व राज्य दर्जा मंत्री हरीशचंद दफोटी, प्रधानाचार्य अरविंद कुमार शर्मा, खालिद जमा, संजीव कुमार ब्लॉक अध्यक्ष राजकीय शिक्षक संघ रामनगर, प्रमोद सिंह चौहान, दिनेश सिंह गहलोत, नंदा बल्लभ उपाध्याय, पुनीत कुमार, राजेंद्र बिष्ट, रवि उनियाल, अशोक बाबू गौतम, पवन कुमार, सोनी उप्रेती, कृष्णा, ज्योति, रविता रानी, अपर्णा आदि उपस्थित रहे।

## बबीता बनी सर्वश्रेष्ठ शिविरार्थी

**भिकियासैण / स्याल्दे।** विकास खंड स्याल्दे के एसएसजे राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर का शुक्रवार को समापन हो गया है। शिविर राजकीय प्राथमिक विद्यालय भाकुड़ा में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद स्वयंसेवियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सुन्दर प्रस्तुतियां दी गयी। कार्यक्रम अधिकारी डा. ममता गौड़ ने शिविर की आख्या प्रस्तुत की। इसके साथ ही बबीता अधिकारी को सर्वश्रेष्ठ शिविरार्थी से सम्मानित किया गया। इस विशेष शिविर के लक्ष्यों में मतदाता जागरूकता, पर्यावरण संरक्षण, सामुदायिक सहभागिता, नशा मुक्ति रहे। इस मौके पर दिनेश कांडपाल, उत्तम सिंह जीना, भोपाल सिंह बसनाल, जीतेन्द्र कांडपाल, नम्रता थपियाल आदि उपस्थित रहे।

## वृद्ध ने बेटे और बहू पर लगाया मारपीट का आरोप

**काशीपुर।** एक वृद्ध ने अपने पुत्र व पुत्रवधु के खिलाफ मारपीट व गाली गलौज एवं जहर देकर जान से मारने का प्रयास करने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस को दी तहरीर में मोहल्ला महेशपुरा निवासी सरफराज पुत्र शमसुद्दीन ने कहा है कि उसकी उम्र 75 वर्ष से अधिक है। उसका पुत्र इरशाद और पुत्रवधु रुकसाना उसके साथ रोज मारपीट और गालीगलौज करते हैं। मारपीट से उसे काफी चोट

## चीन सीमा क्षे चौकियां जल्द

**थराली ( चमोली )।** जिले से लगे चीन सीमा क्षेत्र की अग्रिम चौकियां जल्द बिजली की रोशनी से जगमगाएंगीं। ऊर्जा निगम की ओर से अग्रिम चौकियों तक बिजली पहुंचाने के लिए केंद्र सरकार को प्रस्ताव भेजा गया था, जिसे मंजूरी मिल गई है।

ऊर्जा निगम के अधिकारियों ने वर्ष 2025 तक सीमा क्षेत्र की चौकियों तक बिजली पहुंचाने का दावा किया है। केंद्र सरकार की ओर से सीमा क्षेत्रों को बिजली, सड़क व अन्य जरूरी सुविधाएं मुहैया कराने पर




महाविद्यालय स्याल्दे में एनएसएस विशेष शिविर का हुआ समापन। - Dainik Shubharambh News
भिकियासैंण/स्याल्दे। विकासखंड स्याल्दे के एस.एस.जे. रा...
dainikshubharambhnews.com

**महाविद्यालय स्याल्दे में एनएसएस विशेष शिविर का हुआ समापन।**
https://dainikshubharambhnews.com/2024/02/nss-special-camp-concluded-in-college-sylde/

**डेली न्यूज अपडेट के लिए व्हाट्सएप ग्रुप से जुड़ें**
https://chat.whatsapp.com/HmzYZhL2tBM2WUKdgVDfcG